ICMR-NATIONAL INSTITUTE FOR RESEARCH IN BACTERIAL INFECTIONS
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India,
P-33, CIT Road, Scheme XM, Beliaghta, Kolkata - 700010 (India)

**विज्ञापन नं. ICMR-NIRBI/Admn/03/Rect/2024-25** **दिनांक: 14.02.2025**

**आई.सी.एम.आर.- एन.आई.आर.बी.आई में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर सीधी भर्ती**

आई.सी.एम.आर.-राष्ट्रीय क्षय रोग अनुसंधान संस्थान (आई.सी.एम.आर.- एन.आई.आर.बी.आई), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में एक शोध संस्थान है, जो प्रशासनिक संवर्ग के अंतर्गत विभिन्न पदों के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। केवल वहीं आवेदन स्वीकार किए जाएंगे जो दिए गए लिंक का उपयोग करके ऑनलाइन मोड के माध्यम से भरे जाएंगे एवं क्रम में पाए जाएंगे। उम्मीदवारों को पद के लिए आवेदन करने से पहले विस्तृत अधिसूचना को ध्यान से पढ़ना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि वे इस अधिसूचना में दर्शाए गए पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करने वाले आवेदकों की उम्मीदवारी बिना किसी सूचना के भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में रद्द कर दी जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के सभी चरणों में आवेदकों की उम्मीदवारी पूर्णतः अस्थाई होगी। विवरण इस प्रकार है:

**सभी पदों के लिए परीक्षा/परीक्षण की महत्वपूर्ण समयसीमा निम्नानुसार होगी:**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण एवं ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु वेबसाइट लिंक खोलने की तिथि | जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी |
| ऑनलाइन पंजीकरण एवं ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी |
| आई.सी.एम.आर.- एन.आई.आर.बी.आई वेबसाइट से डाउनलोड करने हेतु प्रवेश पत्र की उपलब्धता की प्रारंभिक तिथि | आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद जल्द ही घोषित की जाएगी |
| कंप्यूटर आधारित परीक्षण (सी.बी.टी.) की तिथि और कंप्यूटर प्रवीणता/कौशल परीक्षण | प्रवेश पत्र में सूचित किया जाएगा |

***सी.बी.टी. के लिए प्रवेश पत्र आई.सी.एम.आर.- एन.आई.आर.बी.आई वेबसाइट पर सी.बी.टी. के दिन तक डाउनलोड हेतु उपलब्ध हो जाएगी।**

**आवश्यक योग्यता के साथ रिक्तियों का विवरण:**

| | |
|---|---|
| **पद का नाम** | **सहायक** |
| **पद कोड** | ASST01 |
| **पद का वर्गीकरण** | ग्रुप-बी |
| **वेतन मैट्रिक्स** | वेतन मैट्रिक्स स्तर: 7वें सीपीसी का वेतन स्तर 6 (रु.35400 - 112400) |
| **आयु सीमा** | 30 वर्ष से अधिक नहीं अर्थात आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए |
| **रिक्तियों की संख्या और आरक्षण श्रेणी** | **3 पद (यू.आर.-2, एस.सी.-1)*** |
| **शैक्षणिक और अन्य योग्यता** | i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय में न्यूनतम 3 वर्षीय स्नातक की डिग्री।<br>ii. कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान (एमएस ऑफिस/पावर प्वाइंट)। |

| | |
|---|---|
| **पद का नाम** | **उच्च श्रेणी लिपिक** |
| **पद कोड** | UDC02 |
| **पद का वर्गीकरण** | ग्रुप-सी |
| **वेतन मैट्रिक्स** | वेतन मैट्रिक्स लेवल: 7वें सीपीसी का वेतन स्तर 4 (रु.25500 - 81100) |
| **आयु सीमा** | 27 वर्ष से अधिक नहीं यानी आयु 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए |
| **रिक्तियों की संख्या और आरक्षण श्रेणी** | **3 पद (यू.आर.-3)*** |
| **शैक्षणिक और अन्य योग्यता** | i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री या समकक्ष।<br>ii. कंप्यूटर पर अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट या हिंदी में 30 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति (प्रत्येक शब्द के लिए औसतन 5 कुंजी अवसादों पर 10500 केडीपीएच / 9000 केडीपीएच के अनुरूप) |

| | |
|---|---|
| **पद का नाम** | **अवर श्रेणी लिपिक** |
| **पद कोड** | LDC03 |
| **पद का वर्गीकरण** | ग्रुप-सी |
| **वेतन मैट्रिक्स** | वेतन मैट्रिक्स लेवल: 7वें सीपीसी का वेतन स्तर 2 (19900 - 63200 रुपये) |
| **आयु सीमा** | 27 वर्ष से अधिक नहीं यानी आयु 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए |
| **रिक्तियों की संख्या और आरक्षण श्रेणी** | **5 पद (यू.आर.-4, एस.सी.-1)*** |
| **शैक्षणिक और अन्य योग्यता** | i. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण या समकक्ष योग्यता<br>ii. कंप्यूटर पर अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट या हिंदी में 30 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति (प्रत्येक शब्द के लिए औसतन 5 कुंजी अवसादों पर 10500 केडीपीएच / 9000 केडीपीएच के अनुरूप) |

***निदेशक, आई.सी.एम.आर.- एन.आई.आर.बी.आई भर्ती के किसी भी चरण में किसी भी श्रेणी में रिक्तियों की संख्या बढ़ाने/घटाने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।**

**संक्षिप्त नाम:** **एस.सी.**-अनुसूचित जाति, **एस.टी.**-अनुसूचित जनजाति, **ओ.बी.सी.**-अन्य पिछड़ा वर्ग, **यू.आर.**-अनारक्षित, **ई.डब्ल्यू.एस.**-आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, **पी.डब्ल्यू.बी.डी.**- मानक (बेंचमार्क) दिव्यांग व्यक्ति।

**आवेदन कैसे करें**

• उम्मीदवारों को केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन करना होगा, जिसका लिंक आई.सी.एम.आर./ एन.आई.आर.बी.आई वेबसाइट पर उपलब्ध है।
• ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए वैध ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर अनिवार्य है।
• नीचे उल्लेखित आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय अर्थात वापस नहीं किया जाएगा) उपयुक्त पदों के लिए आवेदन हेतु लागू होगा:

| पद का नाम | यू.आर./ई.डब्ल्यू.एस./ओ.बी.सी. | एस.सी./एस.टी./पी.डब्ल्यू.बी.डी./ई.एस.एम./महिला |
|---|---|---|
| सहायक | रु.2,000/- | रु.1,600/- |
| उच्च श्रेणी लिपिक | | |

• आई.सी.एम.आर. के कर्मचारियों को आवेदन शुल्क के भुगतान हेतु कोई छूट नहीं दी जाएगी।

• आवेदन शुल्क उम्मीदवारों द्वारा आवेदन प्रक्रिया के दौरान केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से किया जाएगा। एक बार जमा की गई शुल्क राशि किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं की जाएगी और न ही शुल्क को किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए आरक्षित रखा जा सकता है।

• विभिन्न पदों के लिए आवेदन करने वाले इच्छुक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन जमा करना होगा एवं लागू शुल्क का भुगतान भी अलग से करना होगा।

• उम्मीदवारों को अपने आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों (मूल) की स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करनी होंगी:-

- जन्म तिथि का प्रमाण पत्र।
- जाति प्रमाण अर्थात एस.सी./एस.टी. **(अनुलग्नक-I)**
- जाति प्रमाण अर्थात ओ.बी.सी. एन.सी.एल. **(अनुलग्नक-II)**
- ओ.बी.सी. उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला घोषणापत्र **(अनुलग्नक-III)**
- ई.डब्ल्यू.एस. उम्मीदवारों के लिए निर्धारित प्रारूप में आय और संपत्ति प्रमाण पत्र **(अनुलग्नक-IV)**
- आरक्षण/आयु में छूट का दावा करने के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र **(अनुलग्नक-V)**
- आरक्षण/आयु में छूट का दावा करने के लिए भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र।
- दसवीं कक्षा से आगे की शैक्षिक योग्यता का प्रमाण।
- प्रत्येक पद के लिए आरंभिक तिथि और समाप्ति तिथि का स्पष्ट उल्लेख करते हुए कार्य अनुभव का प्रमाण पत्र।
- सरकारी कर्मचारियों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र **(अनुलग्नक-VI)**
- आई.सी.एम.आर. परियोजनाओं में कार्यरत उम्मीदवारों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र **(अनुलग्नक-VII)**
- निर्धारित प्रारूप में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए आयु में छूट के लिए अनुभव का प्रमाण पत्र **(अनुलग्नक-VIII)**
- अन्य दस्तावेज, यदि कोई हो।

• अभ्यर्थियों के साथ सभी पत्राचार केवल उनके पंजीकृत ईमेल आईडी के माध्यम से ही किए जाएंगे। परीक्षा कार्यक्रम/प्रवेश पत्र आदि से संबंधित सभी जानकारी ईमेल के माध्यम से और/या संस्थान/परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करके प्रदान की जाएगी।

• प्रवेश पत्र प्राप्त करने, डाउनलोड करने और प्रिंट करने या अन्य किसी भी जानकारी की प्राप्ति की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

• यदि अभ्यर्थी समय पर अपना मेल/वेबसाइट एक्सेस करने में विफल रहता है या अभ्यर्थी द्वारा प्रदान की गई अमान्य/गलत ईमेल आईडी के कारण भेजे गए ईमेल के खो जाने या सूचना के विलंब/प्राप्त न होने के लिए आई.सी.एम.आर.- एन.आई.आर.बी.आई जिम्मेदार नहीं होगा।

• अभ्यर्थियों को ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा में प्रवेश की अनुमति तभी दी जाएगी, जब उनके पास वैध फोटो प्रवेश पत्र होगा।

• यदि किसी उम्मीदवार द्वारा भर्ती प्रक्रिया के दौरान या उसके बाद किसी भी समय आवेदन में कोई गलत जानकारी दी जाती है या कोई जानकारी छिपाई जाती है, तो उसकी उम्मीदवारी/सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।

**सहायक (ASST01) के पद के लिए चयन प्रक्रिया**

सहायक पद के लिए कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन स्क्रीनिंग परीक्षाएँ दो स्तरों (टियर -1: कंप्यूटर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नावली (एम.सी.क्यू.) परीक्षण और टियर-2: कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षण) पर होगी।

• कंप्यूटर आधारित परीक्षण (सी.बी.टी.), बहुविकल्पीय प्रश्नावली (एम.सी.क्यू.) पर आधारित होगी; जिसमें कुल 100 प्रश्न होंगे, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

| **क्र. सं.** | **पद का नाम** | **विषय** | | **प्रश्नों की संख्या** | **अंक** | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक | अनुभाग - क | अंग्रेजी भाषा | 20 | 20 | कुल समय 90 मिनट होगा।<br><br>कोई अनुभागवार अर्हक (क्वालीफाइंग) अंक नहीं होंगे। |
| | | अनुभाग - ख | समसामयिक घटनाओं पर आधारित सामान्य ज्ञान | 20 | 20 | |
| | | अनुभाग - ग | तर्क शक्ति एवं सामान्य बुद्धिमत्ता | 20 | 20 | |
| | | अनुभाग - घ | कंप्यूटर योग्यता | 20 | 20 | |
| | | अनुभाग - ड. | मात्रात्मक योग्यता | 20 | 20 | |
| **कुल** | | | | **100** | **100*** | |

* सी.बी.टी. में नकारात्मक अंक होगा; प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक दिया जाएगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक घटा दिए जाएंगे। विषय-वस्तु से प्रश्न आवश्यक योग्यता के अनुरूप स्तर के होंगे।

- सहायक पद के लिए सी.बी.टी. में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त किए जाने वाले न्यूनतम आवश्यक अर्हक (क्वालीफाइंग) अंक नीचे दिए गए हैं:

| **श्रेणी** | **न्यूनतम आवश्यक योग्यता अंक** |
|---|---|
| **यू.आर./ओ.बी.सी./ई.डब्ल्यू.एस.** | 50% |
| **एस.सी./एस.टी./पी.डब्ल्यू.बी.डी.** | 40% |

- सी.बी.टी. में उनके प्रदर्शन के आधार पर चयनित किए गए उम्मीदवारों को 20 अंकों की कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा जो कि अर्हक (क्वालीफाइंग) प्रकृति की होगी। सभी अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा हेतु न्यूनतम आवश्यक अर्हक (क्वालीफाइंग) अंक निर्धारित कुल अंकों का 50% (अर्थात् 10 अंक) होगा।

| परीक्षण का नाम | कौशल सेट | अंक | समय-सीमा |
|---|---|---|---|
| कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षण | वर्ड प्रोसेसिंग, एक्सेल शीट, स्लाइड बनाना आदि। परीक्षण में शामिल होंगे:-<br>1. एक गद्यांश (पैसेज) की टंकण और/या अन्य वर्ड प्रोसेसिंग अभ्यास जिसमें अंग्रेजी में 45 शब्द प्रति मिनट और हिंदी में 40 शब्द प्रति मिनट की गति से टंकण परीक्षण शामिल है। (क्रमशः 13500 केडीपीएच और 12000 केडीपीएच)<br>2. एक्सेल शीट तैयार करना।<br>3. पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन और संबंधित अभ्यासों की तैयारी जो किसी कार्यालय के सामान्य दिन-प्रतिदिन के कामकाज में आवश्यक हैं। | 20 अंक | कुल समय 60 मिनट |

• **'योग्यता के बाद के अनुभव' के लिए भार (अधिकतम 5 अंक)** - इसके अलावा, किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त या अनुमोदित या पंजीकृत संगठन में 'योग्यता के बाद के अनुभव' रखने वाले उम्मीदवारों को 5 अंक तक दिए जाएंगे। अनुभव के लिए वेटेज अंक निम्नानुसार दिया जाएगा:

| **योग्यता के बाद अनुभव भार (वेटेज) तालिका** | |
|---|---|
| **प्रासंगिक अनुभव** | **भारित (अंक)** |
| >1 से 2 वर्ष तक | 1 |
| >2 और <4 वर्ष | 2 |
| >4 और <6 वर्ष | 3 |
| >6 और <8 वर्ष | 4 |
| >= 8 वर्ष | 5 |

**सहायक पद के संबंध में महत्वपूर्ण नोट:**

- सी.बी.टी. और योग्यता के बाद के अनुभव का संचयी भार 100% होगा और कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा अर्हक (क्वालीफाइंग) प्रकृति की होगी।
- सी.बी.टी. में उनके प्रदर्शन के आधार पर उम्मीदवारों को 1:10 अनुपात (संबंधित श्रेणी में प्रत्येक रिक्ति के लिए 10 उम्मीदवार) में कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।
- सी.बी.टी. में उम्मीदवारों के अंकों को अंतिम मेरिट सूची के लिए तभी स्वीकृत किया जाएगा जब उम्मीदवार कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा उत्तीर्ण करेगें।
- सी.बी.टी. स्कोर का भार 95% है और योग्यता के बाद के अनुभव के लिए अधिकतम 5 अंक दिए जाएंगे। प्राप्त योग का भार 100% होगा और यह अंतिम अंक होगा, जिससे अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी।

**<u>उच्च श्रेणी लिपिक (UDC02) और अवर श्रेणी लिपिक (LDC03) के पद के लिए चयन प्रक्रिया</u>**

उच्च श्रेणी लिपिक और अवर श्रेणी लिपिक के पद के लिए कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन स्क्रीनिंग परीक्षाएँ आयोजित की जाएगी, जिसमें दो स्तर होंगे (टियर -1: कंप्यूटर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नावली (एम.सी.क्यू.) परीक्षण और टियर-2: कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षण) पर होगी।

• कंप्यूटर आधारित परीक्षण (सी.बी.टी.) बहुविकल्पीय प्रश्नावली (एम.सी.क्यू.) आधार पर होगी; जिसमें कुल 100 प्रश्न होंगे। जैसा कि नीचे दिया गया है:

| क्र. सं. | पद का नाम | विषय | | प्रश्नों की संख्या | अंक | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उच्च श्रेणी लिपिक और अवर श्रेणी लिपिक | अनुभाग - क | अंग्रेजी भाषा | 20 | 20 | कुल समय 90 मिनट होगा। कोई अनुभागवार अर्हक (क्वालीफाइंग) अंक नहीं होंगे। |
| | | अनुभाग - ख | समसामयिक घटनाओं पर आधारित सामान्य ज्ञान | 20 | 20 | |
| | | अनुभाग - ग | तर्क शक्ति एवं सामान्य बुद्धिमत्ता | 20 | 20 | |
| | | अनुभाग - घ | कंप्यूटर योग्यता | 20 | 20 | |
| | | अनुभाग - ड. | मात्रात्मक योग्यता | 20 | 20 | |
| **कुल** | | | | **100** | **100*** | |

* सी.बी.टी. में निगेटिव मार्किंग होगी; प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक दिया जाएगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक घटा दिए जाएंगे। विषय-वस्तु से प्रश्न आवश्यक योग्यता के अनुरूप स्तर के होंगे।

- सहायक पद के लिए सी.बी.टी.में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त किए जाने वाले न्यूनतम आवश्यक योग्यता अंक (पास अंक) नीचे दिए गए हैं:

| श्रेणी | न्यूनतम आवश्यक योग्यता अंक |
|---|---|
| **यू.आर./ओ.बी.सी./ई.डब्ल्यू.एस.** | 50% |
| **एस.सी./एस.टी./पी.डब्ल्यू.बी.डी.** | 40% |

• उच्च श्रेणी लिपिक और अवर श्रेणी लिपिकके पद के लिए कंप्यूटर कौशल परीक्षा निम्नानुसार क्वालीफाइंग प्रकृति की होगी:

| परीक्षण का नाम | टंकण गति | कुंजी अवसाद |
|---|---|---|
| कंप्यूटर आधारित टंकण परीक्षण | अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट या हिंदी में 30 शब्द प्रति मिनट | 35 w.p.m. और 30 w.p.m. प्रत्येक शब्द के लिए 5 कुंजी अवसादों के औसत पर 10500 KDPH / 9000 KDPH के अनुरूप हैं। |

• **'योग्यता के बाद के अनुभव' के लिए भार (अधिकतम 5 अंक)** - इसके अलावा, किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त या अनुमोदित या पंजीकृत संगठन में 'योग्यता के बाद के अनुभव' रखने वाले उम्मीदवारों को 5 अंक तक दिए जाएंगे। अनुभव के लिए वेटेज अंक नीचे दिए अनुसार दिए जाएंगे:

| योग्यता के बाद अनुभव भार तालिका | |
|---|---|
| **प्रासंगिक अनुभव** | **भारित (अंक)** |
| >1 से 2 वर्ष तक | 1 |
| >2 और <4 वर्ष | 2 |
| >4 और <6 वर्ष | 3 |
| >6 और <8 वर्ष | 4 |
| >= 8 वर्ष | 5 |

**उच्च श्रेणी लिपिक और अवर श्रेणी लिपिक पद के संबंध में महत्वपूर्ण नोट:**

- सी.बी.टी. और योग्यता के बाद के अनुभव का संचयी भार 100% होगा और कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा अर्हक (क्वालीफाइंग) प्रकृति की होगी।
- सी.बी.टी.में उनके प्रदर्शन के आधार पर उम्मीदवारों को 1:10 अनुपात (संबंधित श्रेणी में प्रत्येक रिक्ति के लिए 10 उम्मीदवार) में कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।
- सी.बी.टी.में उम्मीदवारों के अंकों को अंतिम मेरिट सूची के लिए तभी माना जाएगा जब उम्मीदवार कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा उत्तीर्ण करेगा।
- सी.बी.टी.स्कोर का भार 95% है और योग्यता के बाद के अनुभव के लिए अधिकतम 5 अंक दिए जाएंगे। प्राप्त योग का भार 100% होगा और यह अंतिम अंक होगा, जिससे अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी।

पाठ्यक्रम:

| सहायक, उच्च श्रेणी लिपिक और अवर श्रेणी लिपिक पद के लिए सी.बी.टी.पाठ्यक्रम | |
|---|---|
| **विषय** | **पाठ्यक्रम** |
| **अंग्रेजी भाषा** | Comprehension, One word substitution, Synonyms and Antonyms, Spelling error, spotting error in sentences, Grammar - Noun, Pronoun, Adjective, Verb, Preposition, Conjunction, Use of "A", "AN" and "THE", Idioms and Phrases. |
| **समसामयिक घटनाक्रम एवं सामान्य ज्ञान** | भारतीय इतिहास, भारतीय भूगोल, भारतीय अर्थव्यवस्था, भारतीय राजनीति और संविधान, विज्ञान और वैज्ञानिक अनुसंधान, पुरस्कार, खेल, आईसीएमआर सहित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठन/संस्थाएं, समसामयिक घटनाक्रम - भारत और विश्व। |
| **तर्क शक्ति एवं सामान्य बुद्धिमता** | समानताएं - प्रतीकात्मक/संख्या समानता, अर्थगत समानता, आकृति समानता, समानताएं और भेद, शब्द निर्माण, संबंध अवधारणाएँ, दृश्य धारणा, भेदभाव, अवलोकन, अंकगणितीय संख्या श्रृंखला, अर्थ श्रृंखला, संख्या श्रृंखला, कोडिंग और डिकोडिंग-छोटे और बड़े अक्षर/संख्या कोडिंग, डिकोडिंग और वर्गीकरण। |
| **कंप्यूटर योग्यता** | कंप्यूटर की विशेषताएं, रैम, रोम, फाइल सिस्टम, इनपुट डिवाइस सहित कंप्यूटर संगठन, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर - हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के बीच संबंध, ऑपरेटिंग सिस्टम, एमएस-ऑफिस (वर्ड, एक्सेल / स्प्रेडशीट, पावर प्वाइंट का एक्सपोजर), सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, डिजिटल हस्ताक्षर, ई-गवर्नेंस के लिए सरकार में सूचना प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग, मोबाइल / स्मार्टफोन की सूचना कियोस्क। |
| **मात्रात्मक योग्यता (गणित)** | संख्या पद्धति, दशमलव, भिन्न, न्यूनतम समापवर्त्य, लघुत्तम समापवर्त्य , अनुपात और समानुपात, प्रतिशत, औसत, लाभ और हानि, साधारण और चक्रवृद्धि ब्याज, समय और कार्य, समय और दूरी, क्षेत्रमिति (2डी. और 3डी.), बीजगणित, डेटा व्याख्या, तालिका और ग्राफ़ आदि। |

**नोट: सभी पदों के लिए पाठ्यक्रम समान है। हालाँकि, परीक्षा का कठिनाई स्तर आवश्यक योग्यता के अनुरूप होगा।**

**कंप्यूटर आधारित परीक्षण के लिए शहर/केंद्र**

- परीक्षा केंद्रों की सूची बाद में एन.आई.आर.बी.आई वेबसाइट के माध्यम से घोषित की जाएगी।

**कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षण और कंप्यूटर कौशल परीक्षण के लिए शहर/केंद्र**

- परीक्षा केंद्रों की सूची बाद में एन.आई.आर.बी.आई वेबसाइट के माध्यम से घोषित की जाएगी।

**सभी पदों के लिए नियम और शर्तें**

**राष्ट्रीयता**

- आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।

**आयु सीमा**

- अधिकतम आयु सीमा ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के अनुसार निर्धारित की जाएगी।
- आयु निर्धारित करने के लिए केवल मैट्रिकुलेशन/माध्यमिक परीक्षा प्रमाण पत्र में दर्ज जन्म तिथि ही स्वीकार की जाएगी और बाद में परिवर्तन के लिए कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- अनारक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. उम्मीदवारों को कोई आयु छूट उपलब्ध नहीं होगी।
- आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार आयु छूट का दावा करने के लिए सरकारी आदेशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में अनुमेय छूट निम्नानुसार है:-

| श्रे. कोड | श्रेणी | ऊपरी आयु सीमा से परे आयु में छूट स्वीकार्य है। | |
|---|---|---|---|
| 01 | एस.सी./एस.टी. | 5 वर्ष | |
| 02 | ओ.बी.सी. | 3 वर्ष | |
| 03 | पी.डब्ल्यू.बी.डी. | 10 वर्ष | |
| 04 | पी.डब्ल्यू.बी.डी. + ओ.बी.सी. | 13 वर्ष | |
| 05 | पी.डब्ल्यू.बी.डी. + एस.सी./एस.टी. | 15 वर्ष | |
| 06 | **केंद्रीय सरकार के नागरिक कर्मचारी** | **ग्रुप ए और बी पदों के लिए आयु में छूट** | **ग्रुप सी पदों पर नियुक्ति के लिए आयु सीमा** |
| | 1) केन्द्रीय सरकार के नागरिक (सिविल) कर्मचारी जो कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार के दिनांक 27 मार्च 2012 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 15012/2/2010-स्था.(डी) के तहत निर्धारित शर्तों को पूरा करते हों (सामान्य/अनारक्षित) जिन्होंने आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक कम से कम 3 वर्ष की नियमित और निरंतर सेवा की हो। | 5 वर्ष | 40 वर्ष |
| | 2) केन्द्र सरकार के नागरिक (सिविल) कर्मचारी (ओ.बी.सी.) जिन्होंने आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक कम से कम 3 वर्ष की नियमित और निरंतर सेवा प्रदान की हो। | 8 (5+3) वर्ष | 43 (40+3) वर्ष |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 3) केन्द्र सरकार के नागरिक (सिविल) कर्मचारी (एस.सी./एस.टी.) जिन्होंने आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक कम से कम 3 वर्ष की नियमित और निरंतर सेवा की हो। | 10 (5+5) वर्ष | 45 (40+5) वर्ष |

**नोट:**

I. **आरक्षित श्रेणी के आवेदकों के लिए आयु में छूट केवल उन मामलों में स्वीकार्य है, जहाँ रिक्तियाँ ऐसी श्रेणियों के लिए आरक्षित हैं। आरक्षित श्रेणी के आवेदक, जो अनारक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन करते हैं, उन्हें आयु में छूट केवल उसी सीमा तक मिलेगी, जितनी कि यह अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को उपलब्ध है।**

II. **आवेदक ऊपरी आयु सीमा में छूट पाने के लिए अपनी पात्रता की सावधानीपूर्वक जाँच कर सकते हैं। यदि पात्र हैं, तो उन्हें उनके लिए लागू उचित श्रेणी कोड भरना होगा।**

**परिवीक्षा:**

- परिवीक्षा की अवधि सभी पदों के लिए कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष होगी। परिवीक्षा के संबंध में अन्य नियम और शर्तें समय-समय पर जारी आई.सी.एम.आर./जी.ओ.आई. के नियमों के अनुसार होंगी।

**<u>दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए विशेष निर्देश:</u>**

- मानक (बेंचमार्क) दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षण, भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के आरक्षण हेतु 15 जनवरी 2018 को जारी किए गए कार्यालय ज्ञापन में निहित निर्देशों के अनुसार दिया जाएगा।

- कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षण हेतु 15 जनवरी 2018 को जारी किए गए कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए कोटे के तहत चुने गए व्यक्तियों को संबंधित श्रेणी अर्थात एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी./यू.आर./ई.डब्ल्यू.एस. में रखा जाएगा, जिससे वे संबंधित हैं। उन्हें अपनी संबंधित श्रेणी अर्थात एस.सी./ओ.बी.सी./यू.आर./ई.डब्ल्यू.एस. के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार प्रतिस्पर्धा करनी होगी।

- आवेदक के पास सक्षम प्राधिकारी अर्थात् केंद्र या राज्य सरकार द्वारा विधिवत गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी वैध दिव्यांगता प्रमाण पत्र होना चाहिए। मेडिकल प्रैक्टिशनर, अस्पताल या किसी अन्य संस्थान द्वारा जारी प्रमाण पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की शारीरिक दिव्यांगता का पता इस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा लगाया जाएगा।

- दृष्टिबाधित उम्मीदवार, जो आवर्धक लेंस का उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें परीक्षा हॉल में इसका उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी। ऐसे उम्मीदवारों को परीक्षा हॉल में अपना आवर्धक लेंस लाना होगा।

**स्क्राइब के लिए नोट:**

बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (PwBD) श्रेणी के तहत आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास नीचे दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार कंप्यूटर आधारित परीक्षा देते समय एक स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठाने का विकल्प है:

**प्रतिपूरक समय और स्क्राइब की सहायता का प्रावधान:**

- दृष्टिबाधिता, चलन निःशक्तता (दोनों हाथ प्रभावित-दो.हा.) और सेरेब्रल पाल्सी की श्रेणी में बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (पी.डब्ल्यू.बी.डी.) के मामले में, उम्मीदवार द्वारा वांछित होने पर स्क्राइब की सुविधा प्रदान की जाती है।

- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जारी दिनांक 10.08.2022 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 29-6/2019- डीडी-III के अनुसार 40% से कम निःशक्तता वाले और लिखने में कठिनाई वाले दिव्यांग उम्मीदवारों को भी लेखक की सुविधा प्रदान की जाएगी। अनुलग्नक-Iक के अनुसार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात यह सुविधा प्रदान की जाएगी।
- दिव्यांग/निःशक्तता उम्मीदवारों को लेखक/पैसेज रीडर की सुविधा तभी प्रदान की जाएगी, जब उन्होंने इस कार्यालय को सूचित करके इसका विकल्प चुना हो।

- उम्मीदवार के पास अपने स्वयं के लेखक का चयन करने या संस्थान द्वारा प्रदान की गई लेखक की सुविधा का लाभ उठाने का विवेकाधिकार होगा। इस संबंध में उम्मीदवार को संचार के माध्यम से उचित विकल्प देना होगा।
- यदि उम्मीदवार अपने स्वयं के लेखक का विकल्प चुनता है, तो लेखक की योग्यता परीक्षा देने वाले उम्मीदवार की योग्यता से एक स्तर कम होनी चाहिए। बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवार (पी.डब्ल्यू.बी.डी.) जो स्वयं के स्क्राइब का विकल्प चुनते हैं, उन्हें परीक्षा के समय अनुलग्नक-2 (क और ख) में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार स्वयं के स्क्राइब का विवरण प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा, स्क्राइब को परीक्षा के समय मूल रूप में एक वैध पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। स्क्राइब के पहचान पत्र की एक फोटोकॉपी, जिस पर उम्मीदवार और स्क्राइब द्वारा हस्ताक्षर किए गए हों, भी प्रस्तुत की जानी चाहिए। यदि बाद में यह पाया जाता है कि स्क्राइब की योग्यता उम्मीदवार द्वारा घोषित योग्यता के अनुसार नहीं है, तो उम्मीदवार पद पर अपना अधिकार और उससे संबंधित दावों को खो देगा।

- यदि कोई उम्मीदवार स्वयं के स्क्राइब का विकल्प चुनता है, तो उस स्थिति में, वह स्क्राइब इस परीक्षा का उम्मीदवार नहीं होना चाहिए। यदि कोई उम्मीदवार इस परीक्षा में किसी अन्य (पी.डब्ल्यू.बी.डी.) /(पी.डब्ल्यू.डी.) उम्मीदवार की स्क्राइब के रूप में सहायता करता पाया जाता है, तो दोनों उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

- उपरोक्त पैरा के अनुसार स्क्राइब का उपयोग करने की अनुमति देने वाले व्यक्तियों को परीक्षा के प्रति घंटे 20 मिनट का प्रतिपूरक समय प्रदान किया जाएगा।

- उपरोक्त पैरा में उल्लिखित उम्मीदवार, जो लेखक के उपयोग के लिए पात्र हैं, लेकिन लेखक की सुविधा का लाभ नहीं उठा रहे हैं, उन्हें भी परीक्षा के प्रति घंटे 20 मिनट का प्रतिपूरक समय दिया जाएगा।
- पात्र उम्मीदवारों के लिए लेखक के अलावा किसी अन्य परिचारक को परीक्षा हॉल के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- दिव्यांग उम्मीदवार जो लेखक की सुविधा और/या प्रतिपूरक समय का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन के समय लेखक की पात्रता/प्रतिपूरक समय के लिए प्रासंगिक दस्तावेज़ प्रस्तुत करने होंगे। ऐसे सहायक दस्तावेज़ प्रस्तुत न करने पर परीक्षा के लिए उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

जिन दिव्यांग उम्मीदवारों को इस कार्यालय के नामांकन या स्वयं द्वारा लेखक की आवश्यकता है, उन्हें उपर्युक्त अनुरोध/संबंधित प्रमाण-पत्रों की पूर्व सूचना संलग्न प्रपत्र में डाक/ई-मेल द्वारा निम्नलिखित पते पर भेजनी होगी, ताकि समुचित व्यवस्था की जा सके।

पता:
निदेशक,
आईसीएमआर-राष्ट्रीय जीवाणु संक्रमण अनुसंधान संस्थान,
पी-33, सीआईटी रोड, स्कीम-एक्सएम,
बेलियाघाटा, कोलकाता-700010

**अन्य नियम एवं शर्तें:**

• आवेदन पत्र में एक बार भरी गई श्रेणी को बदला नहीं जा सकता है और बाद में किसी अन्य श्रेणी का लाभ नहीं दिया जाएगा।

• अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप **(अनुलग्नक-I)** में जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

• आयु में छूट के प्रयोजन के लिए ओ.बी.सी. प्रमाण पत्र का अर्थ, डी.ओ.पी.टी. के दिनांक 08.09.1993 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36012/22/93-स्थाएस) ..सी.टी.में परिभाषित किया गया है (, जिसे दिनांक 09.03.2004 और 14.10.2008 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36033/3/2004-स्थाके तहत संशोधित किया गया और (आरक्षण) . बाद में दिनांक27.05.2013 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36035/1/2013-स्थाके तहत (आरक्षण) ., "ओ.बी.सी. श्रेणी के व्यक्ति जो क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं हैं", होगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को उम्मीदवार की ओ.बी.सी. स्थिति के लिए गणना की तिथि माना जाएगा और यह भी मान लिया जाएगा कि उम्मीदवार गणना तिथि पर क्रीमी लेयर श्रेणी में नहीं आता है। इसलिए, ओ.बी.सी. उम्मीदवारों को **अनुलग्नक-II** में दिए गए निर्धारित प्रारूप में वैध और अद्यतन ओ.बी.सी. प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें विशेष रूप से "क्रीमी लेयर से बहिष्करण" के बारे में खंड शामिल होना चाहिए। आयु में छूट पाने के लिए, उन्हें **अनुलग्नक-III** में दिए गए निर्धारित प्रारूप में एक घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा।

• उसी वित्तीय वर्ष के भीतर जारी किया गया और आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक वैध ओ.बी.सी. प्रमाण पत्र ही ओ.बी.सी. श्रेणी के अंतर्गत स्वीकार किया जाएगा।

• ओ.बी.सी. उम्मीदवार जो "क्रीमी लेयर" श्रेणी के अंतर्गत आते हैं, उन्हें अपनी श्रेणी सामान्य के रूप में दर्शानी होगी।

• ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में आय और संपत्ति प्रमाण पत्र जैसा कि लागू हो **(अनुलग्नक-IV)** प्रस्तुत करना होगा। भारत सरकार में सिविल पदों और सेवाओं में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ई.डब्ल्यू.एस.) के लिए आरक्षण के संबंध में सभी नियम और शर्तें समय-समय पर संशोधित डीओपीटी के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36039/1/2019-स्था.(आरक्षण) दिनांक 19.01.2019 और समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन दिनांक 31.01.2019 के अनुसार विनियमित होंगी। आय और संपत्ति प्रमाण पत्र वर्ष 2024-25 के लिए वैध होना चाहिए।

• पी.डब्ल्यू.बी.डी. श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को उनके लिए लागू निर्धारित प्रारूप में निःशक्तता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। **(अनुलग्नक-V)**

• भूतपूर्व सैनिक श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जो उनके लिए लागू हो।

• केंद्र/राज्य सरकार के विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि में कार्यरत उम्मीदवारों को “अनापत्ति प्रमाण पत्र और सतर्कता मंजूरी प्रमाण पत्र” प्रस्तुत करना होगा। **(अनुलग्नक-VI)**

• केंद्र सरकार के कर्मचारी/विभागीय उम्मीदवार और आई.सी.एम.आर. वित्त पोषित परियोजनाओं में कार्यरत उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप **(अनुलग्नक-VII)** में “अनापत्ति प्रमाण पत्र” प्रस्तुत करना चाहिए।

• सभी पदों पर अखिल भारतीय स्थानांतरण की देयता है। चयनित उम्मीदवारों को आई.सी.एम.आर./आई.सी.एम.आर.- एन.आई.आर.बी.आई के नियंत्रण में किसी भी संस्थान/केंद्र/क्षेत्र इकाई में नियुक्त किया जा सकता है। इस मामले में यात्रा/दैनिक भत्ते पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

• वित्त मंत्रालय, आर्थिक मामला विभाग (ईसीबी और पीआर प्रभाग), अधिसूचना संख्या 5/7/2003-ईसीबी और पीआर दिनांक 22.12.2003 में निहित प्रावधान के अनुसार नए प्रवेशकों के लिए नई संरचित परिभाषित अंशदायी पेंशन प्रणाली का लाभ स्वीकार्य है, जो 01.01.2004 से प्रभावी है।

• चयन/भर्ती के संबंध में उम्मीदवार द्वारा या उसकी ओर से कोई भी प्रचार करना या राजनीतिक या अन्य बाहरी प्रभाव डालना अनुचित व्यवहार समझा जाएगा और इसके परिणामस्वरूप अयोग्यता घोषित कर दिया जाएगा।

• अनुभव प्रमाण पत्र (कार्य अनुभव) सरकारी मान्यता प्राप्त/अनुमोदित/पंजीकृत संस्थान आदि के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए तथा इसमें नाम, पदनाम, कार्य अनुभव की अवधि (से-तक), उम्मीदवार द्वारा किए गए कर्तव्यों की प्रकृति आदि स्पष्ट रूप से दर्शाए जाने चाहिए।

• शैक्षणिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संगठन/प्रतिष्ठित संस्थान से होनी चाहिए तथा अनुभव किसी सरकारी मान्यता प्राप्त/अनुमोदित/पंजीकृत संस्थान में होना चाहिए।

• केवल योग्यता-पश्चात अनुभव पर ही विचार किया जाएगा।

• कोई भी व्यक्ति (क) जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है, जिसका पति या पत्नी जीवित है या (ख) जिसने अपने पति या पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है, सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा, बशर्ते कि केंद्र सरकार, यदि संतुष्ट हो कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति तथा विवाह के अन्य पक्ष पर लागू व्यक्तिगत कानून के अंतर्गत अनुमेय है तथा ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं, तो किसी भी व्यक्ति को इस नियम के संचालन से छूट दे सकती है।

• कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा तथा अभ्यर्थियों को अपनी व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

• इस विज्ञापन के जवाब में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को उनके अपने हित में सलाह दी जाती है कि वे आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में स्वयं संतुष्ट हो लें। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक सभी पात्रता मानदंड जैसे आयु सीमा, आवश्यक योग्यता, अनुभव, आरक्षण आदि को पूरा करते हैं। यदि भर्ती के किसी भी चरण में या नियुक्ति के बाद भी यह संज्ञान में आता है कि कोई भी अभ्यर्थी उपर्युक्त पात्रता मानदंड के संबंध में अपेक्षित योग्यताएं पूरी नहीं करता है या उसने आवेदन पत्र में कोई गलत या झूठी या भ्रामक जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है या अन्यथा पात्र नहीं है, तो उसकी उम्मीदवारी बिना कोई कारण बताए या नोटिस दिए स्वतः ही रद्द हो जाएगी, भले ही उसने परीक्षा में कितने भी अंक प्राप्त किए हों तथा इस संबंध में कोई पूछताछ/अनुरोध/पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

• भर्ती प्रक्रिया में किसी भी अपडेट के लिए आई.सी.एम.आर./ एन.आई.आर.बी.आई की वेबसाइट पर जाना उम्मीदवारों की जिम्मेदारी है।

**आई.सी.एम.आर.- एन.आई.आर.बी.आई के निदेशक के पास निम्न अधिकार सुरक्षित हैं: -**

• आवेदनों की स्क्रीनिंग के लिए मानदंड तय करना ताकि कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या सीमित हो सके। उम्मीदवार द्वारा केवल आवश्यक योग्यता और अपेक्षित अनुभव पूरा करना कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं देता है।

• चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी श्रेणी में रिक्तियों की संख्या बढ़ाना/घटाना/हटाना।

• बिना कोई कारण बताए विज्ञापित पदों में से किसी/सभी को भरना या न भरना।

• भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में विज्ञापन में किसी भी अनजाने में हुई त्रुटि या चूक को आई.सी.एम.आर/ एन.आई.आर.बी.आई की वेबसाइट पर अधिसूचित करके सुधारना।

**निदेशक**